# अराईज डीलर मीटिंग व अराईज शॉपी प्रीव्यू- रोहतक

दिनांक 12/12/10 स्थान वेव्स गार्डन, रोहतक, हरियाणा में अराईज इंडिया लि0 की डीलर्स मीटिंग एवं अराईज शॉपी प्रीव्यू में डीलर भाइयों का अभूतपूर्व जनसमूह। इस मौके पर ऑल हरियाणा से एकत्रित हुए डीलर भाइयों का जोश व उत्साह कम्पनी की बढ़ती शाख व विश्वास का अभूतपूर्व प्रदर्शन था। जहाँ मीटिंग हॉल में तिल रखने की भी जगह नहीं बची थी वहीं उससे ज्यादा लोग हॉल के बाहर लॉन में खड़े होकर लाउड स्पीकर पर कम्पनी के डायरेक्टर श्री अविनाश जैन जी के द्वारा कम्पनी की योजनाओं को सुनने को उत्सुक थे। सभी कम्पनी की इस जबर्दस्त कामयाबी का आधार जानने को बेताब थे। अविनाश जी ने भी उनको निराश नहीं किया तथा कई योजनाओ की घोषणा करते हुए बताया कि वाजिब दामों पे अच्छी क्वालिटी तथा बेहतर सर्विस ही कम्पनी की इस जबर्दस्त कामयाबी का आधार है। प्रोग्राम में आए हुए डीलरों के बीच में माइक पहुँचा कर अविनाश जी ने सभी को अपनी बात कहने का भी पूरा मौका दिया, जहाँ सभी ने एक स्वर में कहा कि अराईज इंडिया लि0 आज भारतीय उपभोगताओं के लिए विश्वास, भरोसे व गुणवत्ता का दूसरा नाम है तथा अराईज इंडिया लि0 भारत में एकमात्र ऐसी कम्पनी है जो मल्टी प्रोडक्टस के साथ सोलर प्रोडक्टस को भी मार्केट




अविनाश जैन जी मंच से कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए



समारोह में उपस्थित कम्पनी के डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स

में उपलब्ध करा रही है। जिस पर सोने पे सुहागा अराईज शॉपी का अद्भूत कॉन्सेप्ट जो कि कम्पनी का फ्रैंचाइजी मॉडल आधार है। जिसने बेरोजगारों को बड़ी तादाद में रोजगार व बिजनेस का अवसर प्रदान किया है तो ग्राहकों को एक छत के नीचे बिजली संचालित सभी उपकरण जो एक व्यक्ति सोच सकता है उन्हें कम कीमत पर विश्वस्तरीय गुणवत्ता के साथ उपलब्ध भी कराया है। प्रोग्राम में लगभग 750 प्रोडक्टस का डिसप्ले किया गया जो कि अराईज शॉपी में उपलब्ध होंगे। प्रोग्राम के दौरान हरियाणा के सभी डीलर भाइयों के साथ मिलकर श्री अविनाश जैन जी



**हरियाणा के वेव्स गार्डन रोहतक में अराईज इंडिया लि० द्वारा सोलर गीजर एवं अराईज के शॉपी प्रीव्यू का उदघाटन करते हुए**

नेअराईज सोलर गीजर का उद्घाटन कर हरियाणा के डीलर भाइयों के लिए व्यापार की एक और संभावना को उडान दे दी। प्रोग्राम के अन्त में कम्पनी के द्वारा 'टोकन ऑफ लव' देकर सभी आए हुए मेहमानों को सम्मानित करते हुए विदा किया गया।





**डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स भाइयों को सम्मानित करते हुए**